मध्यप्रदेश के विभिन्न वन मण्डलो में कुसमी लाख उत्पादन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

राज्य वन अनुसन्धान संस्थान जबलपुर द्वारा कुसमी लाख उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश के विभिन्न वनमंडलो में आयोजित की जा रही है जिससे कुसमी लाख उत्पादन के माध्यम से वन समिति सदस्य एवं कृषको की आजीविका हेतु आय में वृद्धि की जा सके। उक्त कार्यशाला में सभी वनमण्डलो के क्षेत्रीय वन अमलो को भी बुलाया जा रहा हैं ताकि लाख उत्पादन वनसमिति के माध्यम से क्रियान्वित हो सके एवं किसानों को लाख की खेती से लाभ मिल सके। वर्तमान में कुसमी लाख का बाजार मूल्य 650–700 प्रति किलोग्राम है, परन्तु उन्नत तकनीक के अभाव के कारण पर्याप्त मात्रा में लाख का उत्पादन नहीं हो पा रहा है.। संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न वन मण्डलो डिंडौरी, उमरिया, पूर्व छिंदवाडा, पूर्व मण्डला एवं नर्मदापुरम में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे 251 वनसमिति सदस्यों एवं कृषको ने भाग लिया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षार्थियों को लाख उत्पादन की उन्नत तकनीक, लाख कीट सामान्य परिचय, कुसमी लाख फसल चक्र, पोषक वृक्षो की कांट–छांट, लाख कीट संचारण तकनीक, लाख फसल का शत्रु कीटों से प्रबंधन, नियंत्रण एवं रोकथाम, फसल परिपक्वता की पहचान एवं फसल कटाई, लाख प्रसंस्करण एवं विपणन से सबंधित जानकारी प्रदान की गयी। इसके पश्चात प्रशिक्षार्थियों को क्षेत्रीय भ्रमण कराकर कुसुम के वृक्षो में लाख उत्पादन की उन्नत तकनीक का क्षेत्रीय प्रदर्शन कराया गया।

कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला का विवरण

प्रशिक्षण स्थल	प्रशिक्षण दिनांक	वन परिक्षेत्र	वन मण्डल	प्रशिक्षार्थियों की संख्या
ग्राम कुई माल	05/09/2023	डिंडौरी	डिंडौरी	40
ग्राम बिछिया	06/09/2023	नौरोजाबाद	उमरिया	45
ग्राम कारेयाम–रातेड	10/09/2023	छिंदी	पूर्व छिंदवाडा	56
ग्राम सारसडोली– मवई	01/10/2023	मवई	पूर्व मण्डला	60
ग्राम धराव–पडाव	04/10/2023	बनखेडी	नर्मदापुरम	50

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला संस्थान के संचालक प्रदीप वासुदेवा एवं उप संचालक रवींद्र मणि त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अनिरुद्ध मजूमदार एवं अनुसंधान दल बलराम लोधी एवं भारत आर्मो के माध्यम से सम्पादित की जा रही है एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में वन समिति सदस्यो, क्षेत्रीय वन अमलो के साथ सरपंच उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश के विभिन्न वन मंडलो के अंतर्गत आयोजित कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला

ग्राम कुई मॉल, डिंडोरी में आयोजित कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला

ग्राम बिछिया, उमरिया में आयोजित कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रदर्शन

ग्राम कारेआम–रातेड़, पूर्व छिंदवाड़ा में आयोजित कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला

ग्राम सारसडोली (मवई) , मंडला में आयोजित कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रदर्शन

ग्राम धराव–पड़ाव, नर्मदापुरम में आयोजित कुसमी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रदर्शन